14 korba-Bhoomi pg1_Layout 1 1/14/2024 11:43 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

'बिहान' से महिलाओं को सशक्त बनाने मोदी सरकार संकल्पित



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री जनमन योजना का आज करेंगे वर्चुअली शुभारंभ

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 जनवरी को प्रधानमंत्री जनमन योजना का वर्चुअली शुभारंभ करेंगे। इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम सुबह 9 बजे से आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित एकलब्य आवासीय विद्यालय छुरीकला में किए जाएंगे।

### हर्ष का अंडर 17 स्कूल नेशनल क्रिकेट छग टीम में चयन



कोरबा। जिले के क्रिकेट खिलाड़ी हर्ष अग्रवाल न्यू ऐरा स्कूल के कक्षा नवमी का छात्र हैं, जो कि नवंबर 2023 अंडर 17 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट गेंदबाज़ीकर अपना चयन छत्तीसगढ़ टीम में हासिल किया हर्ष विगत 2023 में छत्तीसगढ़ के प्लेट कंबाइंड अंडर 14 टीम में भी चयन हो चुके हैं। हर्ष कोरबा के मन्दयंति क्रिकेट एकेडमी में विगत 3 वर्षों से लगातार प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिनके कोच अनिल प्रजापति हैं। प्रजापति ने बताया कि क्रिकेट एकेडमी पिछले 10 वर्षों से सेंट्रल स्टेडियम कोरबा में संचालित है जिसमें कोरबा जिले से राज्य, राष्ट्रीय, सी .एस.सी.एस., विश्वविद्यालयीन स्तर के अनेक खिलाड़ियों का चयन इस एकेडमी से लगातार चयन होने पर शहर के खिलाड़ी एवं परिजन बहुत ही उत्सुक हैं। हर्ष अपने इस चयन का श्रेय कोच अनिल प्रजापति एवं अपने परिजन को दिया है।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास में वार्षिकोत्सव एक अच्छा मंचः संजय



**कोरबा।** भिलाई बाजार डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कुसमुण्डा में वार्षिकोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम संजय मिश्रा महाप्रबंधक, एसईसी एल कुसमुण्डा परियोजना एवं अध्यक्ष स्थानीय प्रबंधकारिणी समिति के मुख्यातिथ्य में हुआ, अध्यक्षता विद्यालय के ऊर्जावान प्राचार्य चन्द्र मोहन पाण्डेय ने की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं बैज लगाकर किया गया। इन्द्रधनुषी कार्यक्मों की शुरूआत डीए व्ही गान केसाथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य चन्द्र मोहन पाण्डेय ने विद्यालय के प्रगति एवं उपलाक्षयों की वार्षिक प्रतिवेदन का बाधन किया। दर्शकों को भाव विभोर कर देने वाले कार्यकमों में सर्वप्रमुख रामायण एक पुण्य कथा रहा जिसकी भूरि-भूरि प्रशसा हुई। छत्तीसगढी सस्कृति को प्रकाशित करने वाला कार्यकम सुग्घर छत्तीसगढ़ महिमा दयानंद की कृषक तुझे सलाम अधेरे में ज्योति नटखट नंद किशोर इत्यादि कार्यकमों की सफल प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई।

### विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों की बदलेगी तस्वीर व तकदीर

**कोरबा।** जिले के मूल वाशिंदे पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति परिवारों को विकास की राह में आगे ले जाने भारत सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना से आने वाले दिनों में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के बसाहट क्षेत्रों की तस्वीर बदल जाएगी। इस योजना से जिले के सभी पीवीटीजी परिवारों को लाभान्वित करने जिला प्रशासन द्वारा शिविर लगाया जा रहा है। शिविर के माध्यम से सभी परिवारों की जानकारी एकत्र करने के साथ ही उन्हें आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, वन अधिकार पत्र तथा पक्के आवास निर्माण से लाभान्वित करने अभियान चलाया जा रहा है। पोंड़ीउपरोड़ा, पाली तथा कोरबा विकासखंड में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार निवास करते हैं।

# सारबहरा नाला में एनीकट के निर्माण से सिंचित होंगे किसानों के खेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

वनांचल क्षेत्रों में सिंचाई के रकबे को बढ़ाने के उद्देश्य से पहाड़ी नालों में एनीकट बनाकर आसपास के खेतों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए सिंचाई विभाग ने परसाखोला के सारबहरा नाला में एनीकट का निर्माण किया जाएगा। 5 करोड़ की लागत से बनने वाली इस एनीकेट से आसपास के 7 ग्रामों की जमीन सिंचित होगी। निर्माण कार्य ठेका कंपनी के द्वारा किया जाएगा। जिसमें पाइप लाइन बिछाने के साथ दीवाल का हिस्सा खड़ा कर दिया गया है।

जिले में पहले से ही खेती का रकबा कम है। उक्त रकबे को बढ़ाने के लिए शासन स्तर पर योजनाएं बनाने के साथ जिले में क्रियान्वित की जा रही है। इसी कड़ी में कोरबा जिले से भी बालको से लगे ग्राम परसाखोला के सारबहरा नाला में एनीकट निर्माण की योजना तैयार कर शासन को एक प्रस्ताव भेजा गया था। सिंचाई विभाग के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को राज्य शासन की मुहर लगने के ⏭ शेष पेज 3 पर

## 5 करोड़ की लागत से सिंचाई विभाग कर रहा निर्माण

**खास बातें**

- पाइप लाइन बिछाने के साथ खेतों तक पहुंचाया जाएगा पानी
- किसानों की मांग पर विभाग ने बनाया था प्रस्ताव



**एनीकट निर्माण का काम चल रहा है**

परसाखोला नाले के उपर हिस्से में पहाड़ी झरने के पानी को रोककर खेतों तक पहुंचाने के लिए 5 करोड़ की लागत से सारबहरा नाले में एनीकट का निर्माण किया जा रहा है। जिसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। बांध के पानी से आसपास के ग्रामों के खेतों को पानी मिलने लगेगा। सिंचाई विभाग ऐसे ही प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा है।

-एसएल द्विवेदी, कार्यपाल अभियंता, सिंचाई विभाग

## इन ग्रामों की जमीनें होंगी सिंचित

सारबहरा नाला में एनीकट निर्माण के बाद भटगांव, परसाखोला, चुईया, तिरईडांड़, टापरा, नरबदा, मुरधोवा, सरईपाली आदि ग्रामों की जमीनें सिंचित होगी। विभाग की मानें तो वनांचल क्षेत्र में खेत स्थित है। जहां तक पानी पहुंचाने नहर भी बनाई जाएगी। कुल 3 सौ हेक्टेयर की जमीन सिंचित होगी। वर्तमान में सिंचाई के दायरे में आने वाले ग्रामों के किसान केवल धान की फसल लेते हैं। एनीकट निर्माण के बाद अब उन्हें गर्मी में भी धान की फसल के लिए पानी मिलने लगेगा और दोहरी फसल लेने का रास्ता खुल जाएगा।

### सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों ने भागकर बचाई जान

# फेंसिंग तार को तोड़कर खरीदी केंद्र में घुसा हाथी, धान को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान का तेजी से उठाव नहीं होने के कारण अब धान जाम होने लगा है ऐसे ही एक धान उपार्जन केंद्र चचिया में बीती रात एक हाथी सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग तार को तोड़कर घुस गया और वहां खुले मैदान में रखे धान की बोरियों को उठाकर पटकने लगा। जिससे बड़ी मात्रा में धान मैदान में बिखर गया। हाथी ने कई बोरी धान चट कर दिया।

**खास बात**

- फड़ प्रभारी ने डिप्टी रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग को लिखित में दी सूचना

करतला विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम चचिया धान उपार्जन केंद्र में बीती रात जब कर्मचारी बैठे हुए थे उसी दौरान जंगल की ओर से एक हाथी केंद्र की ओर आता दिखाई दिया। कर्मचारियों की नजर जैसे हाथी पर पड़ी वह सहम गये और भाग खड़े हुए। हाथी उपार्जन केंद्र में सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग तार को तोड़कर अंदर घुस गया और मैदान में रखे धान की बोरियों को उठाकर फेंकने के साथ बोरियों को फाड़ने लगा। समिति के कर्मचारी ने इसकी सूचना फड़ प्रभारी को देने के साथ साथ ग्रामीणों को भी दी। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते तब तक हाथी लगभग 20 बोरी धान को नुकसान पहुंचाने के साथ खा चुका था। केंद्र में हाथी पहुंचने की सूचना समिति के कर्मचारियों ने वन विभाग को भी दी लेकिन रात के समय विभागीय कर्मचारी नहीं पहुंचे। समिति की सुरक्षा में तैनात कर्मचारी और ग्रामीणों ने संयुक्त रुप से प्रयास कर हाथी को बड़ी मशक्कत के बाद उपार्जन केंद्र से बाहर खदेड़ा।



खरीदी केन्द्र में घुसा हाथी।



केन्द्र में खरीदे गए धान की बोरी।

## सुरक्षा मांगा फड़ प्रभारी ने

चचिया फड़ प्रभारी ने डिप्टी रजिस्टार को लिखित रुप से जो सूचना दी है उसमें उनके द्वारा धान उपार्जन केंद्र में सुरक्षा की मांग की गई है। फड़ प्रभारी ने अपने पत्र में लिखा है कि चचिया धान उपार्जन केंद्र वनांचल क्षेत्र में संचालित है जहां हमेशा जंगली जानवर एवं असामाजिक तत्वों का भय बना रहता है। वर्तमान में उपार्जन केंद्र में धान की आवक बढ़ गई है और समय पर धान का उठाव नहीं होने के कारण धान जाम हो रहा है। मार्कफेड की लचर व्यवस्था के कारण धान जाम होने की स्थिति निर्मित हो रही है। कई बार उठाव के संबंध में विभाग को पत्र प्रेषित किया गया लेकिन न तो धान उठाव के कार्य में तेजी लाई गई और न ही सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए। हाथी के खरीदी केंद्र में पहुंचने से रात में सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों में भय की स्थिति बनी हुई है।

**मिली है सूचना**

चचिया धान खरीदी केंद्र में रात के समय हाथी के पहुंचने की सूचना लोगों से मिली है। फड़ प्रभारी के द्वारा लिखित सूचना की कॉपी मेरे पास नहीं आई है। सोमवार को आवेदन की कापी देखकर इस पर आगे की कार्यवाही करेंगे।

-पूर्णिमा सिंह, डिप्टी रजिस्टार कोरबा

# दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने भिड़ंत, एक की मौत



दुर्घटना ग्रस्त मोटरसायकल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो जाने से मोटरसाइकिल में सवार एक युवक की मौत हो गई है जबकि अन्य लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला लेमरु थाना क्षेत्र के ग्राम कुटुरवा की है। यहां निवासरत सूरज बड़ा 19 वर्ष पिता चंदन बड़ा अपने साथी के साथ सवार होकर लेमरु की ओर जा रहा था कि इसी दौरान एक मोटरसाइकिल से उसकी भिड़ंत हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार सूरज बड़ा को गंभीर रुप घायल हो गया। जिसे देर रात को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में कुछ अन्य युवक भी घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

## ट्रेलर ने युवक को मारी टक्कर, मौत

चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर निवासी छेदूलाल जैता 50 वर्ष पिता दूलारसाय जैता ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि 13 जनवरी की शाम 5-6 बजे की बीच घटनास्थल ग्राम मांगामार स्कूलपास मेन रोड के पास ट्रेलर के चालक ने उसके भतीजे सोनू ऊर्फ सुनील कुमार को ठोकर मार दी जिससे सोनू की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# वन कर्मचारी संघ जाएंगे 1 फरवरी से हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन विभाग के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 1 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं इसे लेकर वन कर्मचारी ने वाणिज्य उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है। उल्लेखनीय है कि अपनी छग वन कर्मचारी संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 1 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। जिला अध्यक्ष प्रीतम पुराइन ने बताया कि उनको मांगों में लघु वनोपज संघ में किये जा रहे 180 पद की नई नियुक्तियों से वनपालों की पदोन्नति प्रभावित हो रही है अतः 180 पदों की संविदा पर नियुक्ति तत्काल बंद किए जाने, वन विभाग के कर्मचारी 24 घण्टे अपने शासकीय कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं तथा अन्य विभाग के समकक्ष पद के कर्मचारी 8 घण्टे शासकीय ड्युटी करते हैं। अतः वन विभाग के वनरक्षक को 2400 रुपए वनपाल को 2800 रुपए उपवनक्षेत्रपाल को 4200 रुपए का नया ग्रेड-पे स्वीकृत किया जावे, विभागीय सेटअप का पुनरीक्षण किए जाने, छ.ग. शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रायपुर के आदेश कमांक/एफ2-13/2023/10-1/वन, नवा रायपुर दिनांक 20.07.2023 के परिपालन में वित्त विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़ समस्त कोष लेखा एवं पेंशन / समस्त जिला कोषालय को पालन हेतु निर्देशित किए जाने की मांग शामिल है।

**खास बात**

- वाणिज्य मंत्री से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



उद्योग मंत्री से भेंट करते वन कर्मी।

# विशेष शिविर में 31 सौ नए मतदाता जुड़े, 14 सौ मतदाताओं के नाम किए गए विलोपित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी के अंतर्गत 13 तथा 14 जनवरी को जिले के चारों विधानसभा के सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां बीएलओ द्वारा नए मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने एवं संसोधित करने की कार्यवाही की गई। इस विशेष शिविर में 31 सौ नए मतदाता जोड़े गए वहीं 14 सौ मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे ने जिले में आयोजित किए गए विशेष शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शिविर में सभी अविदित अधिकारी तथा बीएलओ द्वारा अपने मतदान केन्द्र के मतदाता सूची, फार्म 6, फार्म 7 एवं फार्म 8 के साथ उपस्थित थे। साथ ही मतदान केंद्रों में बीएलओ द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से भी नए मतदाताओं का फॉर्म 6 भरकर नाम जोड़ा गया एवं फार्म 7 व 8 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम संसोधन किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान जिले के सभी विद्यालयों एवं कॉलेजो में भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उक्त तिथियों को आयोजित शिविर के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु 31 ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- मतदाता पुनरीक्षण के तहत स्कूल कालेज में भी लगाए गए शिविर



नाम जोड़ते बीएलओ।

### प्रत्येक जोनवार बनाई गई टीम

# 255 करोड़ के पार जा पहुंचा बकाया, वसूली के लिए बड़े बकायादारों को टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत वितरण विभाग का बकाया कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बिजली बिल का बकाया लगातार बढ़ते ही जा रहा है जिससे विद्युत वितरण विभाग की परेशानी बढ़ती ही जा रही है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब कुछ महीना ही शेष रह गया है ऐसे में बकाया 255 करोड़ के पार जा पहुंचा है। अब बकाया राशि को वसूलने के लिए विभाग ने अभियान चलाना शुरु कर दिया है। फिलहाल पहले चरण में विभाग ने 1 लाख व 50 हजार रुपए जिन बकायदाओं का बकाया है उन्हें ही टारगेट किया जा रहा है ताकि बड़े बकायादारों से वसूली की जा सके और बकाया की राशि कुछ कम की जा सके।



उल्लेखनीय है कि ऊर्जाधानी होने के बाद भी विद्युत वितरण विभाग की बकाया राशि साल दर साल बढ़ती ही जा रही है। विभाग द्वारा हर वर्ष बकाया राशि वसूलने के लिए टीम बनाई जाती है और प्रयास भी किया जाता है लेकिन जिस गति से बकाया राशि की वसूली होनी चाहिए वैसा कुछ होता नहीं है जिसके चलते बकाया राशि मौजूदा स्थिति में 250 करोड़ के पार जा पहुंचा है। अब इस राशि को वसूलने के लिए फिर से विद्युत वितरण विभाग द्वारा हर जोन में अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके लिए विभाग ने जिन बकायादारों का 1 लाख या फिर 50 हजार बकाया है ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हांकित कर अलग-अलग सूची तैयार की जा रही है और टीम को सूची दी जा रही है और लाइन काटने का सिलसिला भी शुरू किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक बकाया की राशि जमा हो सके और राजस्व मिल सके। बताया जाता है कि विभाग द्वारा ऐसे घरों में दस्तक देना शुरू कर दिया है और बकाया राशि वसूली ⏭ शेष पेज 3 पर

## विभागीय बकायदाओं की भी सूची होगी तैयार

विद्युत वितरण विभाग के अफसरों के मुताबिक फिलहाल अभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बड़े बकायदाओं को ही टारगेट किया जा रहा है। आने वाले दिनों में विद्युत वितरण विभाग शासकीय विभागों के बड़े बकायादारों की भी सूची तैयार करने में जुटा हुआ है उन बकायदारों के कार्यालय में पहुंचेगी और उनसे बकाया की राशि वसूल की जाएगी। यदि विभागीय बकायेदार राशि जमा नहीं करते हैं तो उनके लाइन डिस्कनेक्शन का भी अभियान छेड़ा जाएगा। हालांकि विभाग ऐसे शासकीय बकायदाओं को हर वर्ष नोटिस तो थमाता है लेकिन लाइन डिस्कनेक्शन में विभाग के हाथ कांपते हैं क्योंकि विभाग का पैसा होने के कारण अंत में वह राशि विभाग के खाते में समायोजन हो जाता है।

### श्री सप्तदेव मंदिर में आज मनाया जाएगा मकर संक्रांति

**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर में मकर संक्रांति उत्सव 15 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रातः मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना कर भोग लगाया जाएगा। जिसके बाद दोपहर 12.30 बजे से 2 बजे तक खिचडी के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम लगभग 5 बजे भगवान श्री अय्यप्पा स्वामी की सीतामणी से निकलने वाली शोभा यात्रा का श्री सप्तदेव मंदिर में स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर मलयाली समाज की 108 महिलाओं द्वारा दीप प्रज्जवलन का कार्य होगा तथा केरल से पधारे वाद्य कलाकारों द्वारा भगवान के सामने दक्षिण भारतीय वाद्य यंत्रों की मनमोहक प्रस्तुति की जाएगी जो आकर्षण का केंद्र रहेगी। श्री सप्तदेव मंदिर परिवार ने समस्त भक्तजनों आग्रह किया है कि मंदिर में अधिक से अधिक की संख्या में शामिल हों।

14 korba-Bhoomi pg2_Layout 1 1/14/2024 11:51 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आगामी अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने जा रहे कार्यक्रम हेतु 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकानें आदि बंद रखने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर श्री वसंत ने छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए 22 जनवरी 2024 को होने वाले अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित करते हुए जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफ.एल.3 बार एवं मद्यभण्डागार को उक्त शुष्क अवधि में पूर्णतः बंद रखे जाने के आदेश दिए है।

### स्व. लल्लू प्रसाद जी की स्मृति में फुटबाल टूनामेंट



**बांकीमोंगरा।** स्व. लल्लू प्रसाद की स्मृति में फुटबाल टूनामेंट का आयोजन साईं क्लब घुरदेवा के द्वारा खेला गया। स्व. लल्लू प्रसाद एक बेहतरीन खिलाडी थे जिनकी स्मृति में खेला गया, जिसमें 18 टीमों ने हिस्सा लिया है। यहाँ शक्ति, कोरबा, धमतरी, बाराद्वार, दुर्ग आदि स्थानों से टीमों ने भाग लिया है। इस आयोजन के आज के मुख्य अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष निशांत झा थे। इस अवसर पर मो. अकबर, ओम प्रकाश, मनहरन साहू, आशीष अग्रवाल, पार्षद पवन गुप्ता उपस्थित थे।

### धर्म सेना कोरबा व निःस्वार्थ सेवा संस्था का रक्तदान शिविर



**कोरबा।** धर्म सेना कोरबा व निःस्वार्थ सेवा संस्था युवा दिवस पर सिकलीन, थेलेसिमिया, डायलिसिस, व जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान शिविर लगाया गया ताकि रक्त की कमी से किसी को परेशानी ना हो। रक्तदान शिविर में धर्म सेना के सदस्यों व कोरबा जिला के युवाओं व बहनों ने भी बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह के हाथों रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में सौरभ साहू, रीतेश चौहान, सुल्तान, प्रकाश शर्मा, ललित यादव व सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

### पुलिस के साथ सड़क पर उतरेगी नेहरू युवा केंद्र की टीम

**कोरबा।** सड़क का अनुशासन बनाए रखने में अगर युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित कर ली जाए, तो दुर्घटनाओं को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए आम लोगों से ज्यादा निरंकुश युवाओं का जागरुक होना भी उतनी ही जरूरी हो जाता है। यही मंशा लेकर नेहरु युवा केंद्र छत्तीसगढ़ की कोरबा इकाई ने अनुकरणीय पहल की है। आगामी दिनों में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में केंद्र की युवा टीम सड़क पर पुलिस जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लोगों को सड़क नियमों के पालन की सीख प्रदान करती दिखाई देगी। केंद्र के युवा कार्यकर्ता सड़क सुरक्षा की जरूरतों का ध्यान रखते हुए आम जागरुकता के पुलिस के अभियान में शामिल हो गए हैं। इसी कड़ी में नेहरु युवा केंद्र कोरबा की टीम आगामी दिनों में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह में सड़क पर नजर आएगी। नेहरू युवा केंद्र कोरबा (छत्तीसगढ़) के 25 स्वयंसेवकों की सूची पुलिस विभाग के सुपुर्द की गई है। यह सप्ताह 11 से 17 जनवरी के मध्य आयोजित किया जा रहा है।

### खेलो छत्तीसगढ़ यूथ कराटे गेम्स का हुआ आगाज



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कराटे फेडरेशन (रेन सिन कान) के तत्वाधान में आयोजित खेलो छत्तीसगढ़ यूथ कराते गेम्स 2023 के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए आयोजक डीआर साहू एवं डोली पटेल ने बताया कि बिलासपुर के बिल्हा विकासखंड के अंतर्गत पुरातात्विक स्थान तालागांव में खेलो छत्तीसगढ़ यूथ कराटे गेम्स 2023 का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चलने वाली इस स्पर्धा में प्रथम दिवस छत्तीसगढ़ राज्य के 23 जिलों के कराटे खिलाड़ियों ने हैदराबाद में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में चयनित होने के लिए पुरजोर मशक्कत कर अपने भाग्य और परिश्रम को आजमाया। इस दौरान करीब राज्य भर की 23 टीमों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शनो से दर्शकों का दिल जीत लिया।

## स्कूलों में न्यूज डेस्क बनाने के कलेक्टर ने दिए डीईओ को निर्देश

# शासकीय स्कूल के बच्चों को स्कूल में पढ़ने के लिए मिलेंगे अखबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले के सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को अब उनके स्कूल में ही अखबार भी पढ़ने को मिलेंगे। कलेक्टर के निर्देश के बाद सभी सरकारी स्कूलों में न्यूज डेस्क बनाए जाएंगे। जहां अखबार छात्रों को पढ़ने के लिए मुहैय्या कराए जाएंगे। बीते दिनों अपने ग्रामीण दौरों के दौरान कलेक्टर ने स्कूलों का निरीक्षण कर उनसे सामान्य ज्ञान के विषय पर चर्चा की थी। उसके बाद उन्होंने छात्रों के सामान्य ज्ञान के स्तर को सुधारने के उद्देश्य से न्यूज डेस्क बनाने का निर्णय लिया और इसके आदेश भी जारी किए।

न्यूज डेस्क बनाने की सुविधा हर सरकारी स्कूलों में उपलब्ध कराई जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी को मिले इस निर्देश के बाद इसकी तैयारियां भी शुरू हो गई है। शहरी क्षेत्र में संचालित सभी सरकारी स्कूलों में न्यूज डेस्क तो आसानी से उपलब्ध हो जाएंगे। जहां अखबार स्कूलों में आसानी से पहुंच जाता है। न्यूज डेस्क की यह सुविधा ग्रामीण अंचलों की स्कूलों में भी उपलब्ध रहेगी, किंतु इस व्यवस्था में सबसे बड़ी बाधा दूरस्थ अंचलों में संचालित स्कूलों की आएगी, जहां अखबार पहुंचता ही नहीं। ऐसे स्कूलों के छात्रों को न्यूज डेस्क की सुविधा मिलना फिलहाल मुश्किल प्रतीत होता है, किंतु जिन-जिन ग्रामीण अंचलों में अखबार पहुंचने की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो जाती है वहां न्यूज डेस्क बनना लगभग तय है और वहां के छात्रों को भी अखबार पढ़ने को आसानी से उपलब्ध हो जाएगी। कलेक्टर के इस निर्देश से एक नई पहल स्कूलों में शुरू होगी, जिसकी नितांत आवश्यकता थी। हालांकि शहर के कुछ स्कूलों में अखबार पहुंचते हैं तो वहीं कुछ स्कूलों के प्राचार्यों ने अखबार लेना ही बंद कर दिया है। इसके पीछे उनका तर्क रहता है कि शिक्षक अपना अधिकांश समय अखबर पढ़ने में ही बिताते हैं, किंतु न्यूज डेस्क की शुरूआत होने से जो छात्र अब तक मोबाइल से ही पूरी जानकारियां लेते हैं ऐसे छात्रों के अलावा उन छात्रों को न्यूज डेस्क की बड़ी सुविधा मिलेगी, जो अपना सामान्य ज्ञान बढ़ाने में रूचि लेते हैं।

# विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों की बदलेगी तस्वीर व तकदीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शिविर में उपस्थित जनजाति परिवार के सदस्य।

जिले के मूल वाशिंदे पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति परिवारों को विकास की राह में आगे ले जाने

**खास बात**

- प्रधानमंत्री जनमन योजना लागू होने से मिल रहा योजनाओं का लाभ

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना से आने वाले दिनों में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के बसाहट क्षेत्रों की तस्वीर बदल जायेगी।

प्रधानमंत्री जनमन योजना से जहां इनके क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क जैसी अनेक सुविधाएं मुहैया होंगी वहीं हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ विशेष पिछडी जनजाति परिवारों को मिलेगा। इस योजना से जिले के सभी पीवीटीजी परिवारों को लाभान्वित करने जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर अजीत वसंत के नेतृत्व में शिविर लगाया जा रहा है। शिविर के माध्यम से सभी परिवारों की जानकारी एकत्र करने के साथ ही उन्हें आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, वन अधिकार पत्र तथा पक्के आवास निर्माण से लाभान्वित करने अभियान चलाया जा रहा है। कोरबा जिले में पोंड़ीउपरोड़ा, पाली तथा कोरबा विकासखंड में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार निवास करते हैं। शहर से दूर निवासरत इन परिवारों को विकास योजनाओं से जोड़ने प्रधानमंत्री जनमन योजना लागू की गई है। जिले में कुल 4754 जनसंख्या और 1301 परिवार संख्या वाले विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के बसाहटों में प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से शिविर लगाकर योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। अभी तक आधार कार्ड के 4754, जाति प्रमाण पत्र के 4754, जनधन बैंक खाता के 1301, आयुष्मान कार्ड 4754, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 899, वन अधिकार पट्टा के 1301, किसान क्रेडिट कार्ड के 899 और पक्का घर निर्माण के 1301 हितग्राहियों को पात्रता के रूप में चिन्हित किया गया है। जिसमें से आधार कार्ड के 4101, जाति प्रमाण पत्र के 1009, जनधन बैंक खाता के 743, आयुष्मान कार्ड 3625, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 869, वन अधिकार पट्टा के 609, किसान क्रेडिट कार्ड के 457 और पक्का घर निर्माण के 218 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

# चैतमा में मनाई गई विवेकानंद की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



कार्यक्रम में शामिल बच्चे।

युवा खेल मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल डॉ.अशोक श्रोती, राज्य संपर्क अधिकारी डॉ.नीता बाजपेयी, समन्वयक डॉ.मनोज सिन्हा, जिला संगठक प्रो वाय के तिवारी, मुख्यातिथि नवीन सिंह जनपद उपाध्यक्ष पाली, अतिथि अमरनाथ कैवर्त अध्यक्ष शाला विकास समिति, सुकालू प्रजापति उपसरपंच, डीके आदिले पंच, डॉ.लक्ष्मी जायसवाल, शीतल शर्मा, शिवनाथ सिंह तंवर, जय प्रकाश, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम एवं कार्यक्रम अधिकारी वीरेन्द्र कुमार बंजारे, ब्यख्याता छबीला नेताम, सुरेन्द्र सिंह नेटी, पार्वती राम, विभा तांडे, विंध्यराज, धनराज, विजेता चतुर्वेदी, आशीष सिंह, मुरारीलाल धीवर, नवीन सिंह जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने भी संबोधित किया। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था, उनके बचपन का नाम नरेंद्र नाथ दत्त था। अमरनाथ कैवर्त ने बताया कि सन 1984 ईस्वी को संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णय अनुसार अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया गया। फिर इसी को देखते हुए भारत सरकार ने इसके महत्व पर विचार किया डॉ.जायसवाल, डीके आदिले ने बताया कि वर्ष 1984 से 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती के दिन देश भर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की घोषणा की गई एवं 12 जनवरी 1985 को पहला राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

# आलस्य पराजय का कारण, इससे बचें युवाः बोपापुरकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

युवाओं में आलस्य तथा अकर्मण्यता पराजय का कारण बनती है यदि युवा अपने मस्तिष्क को सकारात्मकता के साथ उच्च विचारों व

**खास बात**

- युवाओं में विकास के लिए सकारात्मक विचार व उच्च आदर्श जरुरी

आदर्शो से परिपूर्ण कर लेते हैं तो उनके द्वारा महान कार्य संपन्न जरूर होंगे और वे समाज के प्रणेता बनेंगे। स्वामी विवेकानंद जी ने अपने विचारों और कार्यों से दुनिया के युवाओं का मार्गदर्शन किया इसलिए राष्ट्र उन्हें प्रतीक पुरुष मानती है। उक्त उद्गार कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर द्वारा व्यक्त किए गए। स्वयंसेवकों को भूगोल विभाग के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा की स्वामी विवेकानंद जी ने विश्व के समक्ष भारतीय वेदांत, दर्शन और सनातन संस्कृति की जिस तरह से अनूठी व्याख्या की उसने दुनिया के समक्ष भारत के गौरव व सम्मान को बढ़ाया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक टीव्ही नरसिम्हम, वानिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ सुनील तिवारी, एनसीसी अधिकारी श्रीमती अनिता यादव तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति द्विवेदी व श्रीमती जी.एम.उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रासेयो जिला संगठक वाय.के तिवारी तथा आभार ज्ञापन छात्रा कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति द्विवेदी द्वारा किया गया।

# भाषण प्रतियोगिता में शिवम और भगवती रहे अव्वल



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं छात्र एवं छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाजयुमो कुदमुरा मंडल द्वारा सरस्वती विद्यालय रजगामार एवं शास उच्च मा विद्यालय कोरकोमा में 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों के मध्य भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र और छात्राओं ने हिस्सा लिया और प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर से शिवम पाल प्रथम एवं शासकीय उच्च. विद्यालय से भगवती कंवर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में शास. उच्च. विद्यालय के प्राचार्य श्री टंडन, सरस्वती विद्यालय के प्राचार्य अलखनारायण शर्मा सहित युवा मोर्चा के अध्यक्ष धनंजय चौहान, नीरज मिश्रा, कन्हैया राठौर, आकाश खनाल, दिनेश प्रजापति, चेतन वर्मा, संजय कश्यप, मंजीत सिंह यादव, उपस्थित रहे।

# संस्कार भारती विद्या मंदिर की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संस्कार भारती शिक्षण संस्था के प्राचार्या सुश्री शबीना द्वारा बताया गया कि उनके विद्यालय में बच्चों के सर्वांगिण विकास, बौद्धिक क्षमता को विलक्षण बनाने, प्रतियोगी परीक्षाओं में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त करने, प्रतियोगी परीक्षा में बैठने के पूर्व ही अभ्यर्थी के अंदर के भय को समाप्त करने, परीक्षा के समय होने वाली स्वाभाविक त्रुटियों में सुधार एवं परीक्षा में सम्मिलित होने वाले बच्चों को परिवक्व बनाने के उद्देश्य से उच्च प्रशासनिक पदों में कार्यरत अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल एक्साईज आफिसर कोरबा, गुलशन गोयल जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी कोरबा के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन में सीजी पीएससी, व्यापम व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के तर्ज पर सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र तैयार करवाकर कक्षा 9वी से कक्षा 12वीं तक के बच्चों के लिए 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे प्रतियोगी परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिका के माध्यम से की गई। जनरल नालेज के पेपर में फेस बुक के संस्थापक, सत्यमेव जयते किस उपनिषद में है, नीति आयोग के अध्यक्ष कौन है,मोबाईल फोन के आविष्कारक,गांधी के दक्षिण आफ्रिका से भारत लौटने की तिथी, कोयले की उत्तम कोटि,स्पंज आयरन उत्पादन में भारत का विष्व में स्थान,मोहन जोदड़ो किस नदी के तट पर है, 2024 में होने वाले ओलम्पिक, नेता जी सुभाषचन्द्र बोस के जन्म स्थान आदि प्रश्न पूछे गए।



कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक व शिक्षक।

# भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया प्रकाशन में त्रुटि सुधार को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए।

एसईसीएल दीपका परियोजना अंतर्गत भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया प्रकाशन में त्रुटि सामने आ रही है। जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। त्रुटि सुधार को लेकर सरपंच, जनपद सदस्य सहित ग्रामीणों ने हरदीबाजार तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है। एसईसीएल दीपका परियोजना से कोयला उत्पादन बढ़ाने विस्तार पर फोकस किया जा रहा है। जिसे लेकर ग्राम हरदीबाजार की भूमि का अधिग्रहण प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है जिसे लेकर अधिग्रहण प्रक्रिया प्रकाशन किया गया है। जिसमें सामने आ रही त्रुटियों को सुधारने जनपद सदस्य पाली, ग्राम सरपंच हरदीबाजार, भाजपा जिला मंत्री सहित ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि धारा 7, 1 का प्रकाशन किया जा रहा है उसमें किसानों की वर्तमान स्थिति के अनुरूप राजस्व दस्तावेजों का सुधार किया जाए। सुधार के लिए किसानों व उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में विशेष शिविर लगाकर किसानों की उक्त प्रभावित भूमि संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाना चाहिए। सुधार प्रक्रिया किये जाने के बाद पुनः प्रकाशन कर चस्पा व किसानों को लिखित में जानकारी दी जाए ताकि वे सुधार से संतुष्ट व अवगत हो सकें। शिविर में किसानों का बंटवारा, रकबा संशोधन, फौती, नामांतरण वर्तमान स्थिति में सभी प्रकार की सुधार प्रक्रिया ऑनलाइन किया जाना चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई है अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि अभिलेखों में कमी-वृद्धि के संबंध में शिविर लगाकर निराकरण किया जाए।

## कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग सहित आदिवासी विकास विभाग की बैठक

# समय पर हो स्कूल का संचालन, अनुपस्थित शिक्षकों पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर अजीत वसंत ने शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सहित परियोजना अधिकारी, साक्षर भारत और समग्र शिक्षा तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी की बैठक ली। उन्होंने शिक्षा अधिकारी जी.पी.भारद्वाज को निर्देशित किया कि जिले में सभी स्कूलों का संचालन समय-सारिणी के अनुरूप हो। बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए उन्होंने जिले में शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तामूलक बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने शैक्षणिक संस्थान अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में जहां भी अतिशेष शिक्षक हैं उनका समायोजन अन्य विद्यालयों में किया जाये। कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के अन्तर्गत 12 वीं उत्तीर्ण बेरोजगारों को स्कूलों में अध्यापन के लिए अतिथि शिक्षक के रूप में रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का वितरण नियमित तथा गुणवत्तायुक्त हो। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिले में शिक्षा के स्तर और बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करने तथा नवाचार को अपनाने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी, डीएमसी मनोज पाण्डेय, खेल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

**छात्रावास अधीक्षक भी लेंगे क्लास**

कलेक्टर ने जिले के सभी आश्रम तथा छात्रावासों का संचालन व्यवस्थित तथा शासन के निर्धारित मानकों के आधार पर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि आश्रम तथा छात्रावासों में नियमित साफ-सफाई, मेनू अनुसार भोजन तथा समय पर खेल, अध्यापन एवं अन्य गतिविधियां संचालित हो। उन्होंने अधीक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए कम से कम दो पीरियड पढ़ाने के निर्देश भी दिए।

### तुलसी साहित्य अकादमी का शपथ समारोह

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य भाषा परिषद, तुलसी साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वाधान मे सर्व मंगला मंदिर भवन मे तुलसी साहित्य अकादमी कोरबा इकाई का सपथ ग्रहण वरिष्ठ साहित्य कारो का सम्मान सहित्यिक कृतियो का विमोचन व भव्य कवि गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. विनय कुमार पाठक (पूर्व अध्यक्ष छग राजभाषा आयोग) के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता डॉ.राघवेन्द्र कुमार दुबे, प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी छग ने की। वरिष्ठ साहित्यकार पंराजेंद्र कुमार पान्डे, अंजनी कुमार तिवारी, डा एके यदु, प्रभा पान्डे, मनीषा अवस्थी, दिलीप अग्रवाल, मुकेश चतुर्वेदी डा कृष्ण कुमार चंद्रा विशिष्ट अतिथि थे।

14 korba-Bhoomi pg3_Layout 1 1/14/2024 11:48 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पहाड़ी कोरवा बालक ने दिलाया जिले को सम्मान

**कोरबा।** रायपुर में आयोजित सीजी दिव्यांग प्रतिभा के आयोजन में संवेदना संस्था ने लबेद पंचायत के डुमर ढीह गांव से पहाड़ी कोरवा बालक रामेश्वर दृष्टिहीन बालक है, जो की गायन मे रूचि है उसको संवेदना संस्था ने लेकर रायपुर लेकर गए और वहां मंच मे अपने गायन मे छत्तीसगढ़ी गीत एवं भक्ति गीत से लोगों को भाव विभोर कर दिया और उस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के हाथों से प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। बसना के विधायक सम्पत अग्रवाल एवं विजय अग्रवाल एवं कार्यक्रम संचालक श्रीमती कविता सोनी एवं जूरी मेंबर श्रीमती येदु सोनी भी मंच पर उपस्थित थे। सभी लोगों ने रामेश्वर की तारीफ की इस कार्यक्रम मे संवेदना संस्था के अध्यक्ष श्रीजीत नायर एवं देवा बंजारे, दीपक कश्यप, शुक्ला महाराज साथ गए और सहयोग किया।

### सतनामी समाज ने मनाया गुरु घासीदास जयंती



**कोरबा।** गुरु घासीदास बाबा की 267वी जयंती एवं गुरु पर्व बड़े ही उल्लास के साथ सतनामी समाज मुख्यालय छुईहा पारा में मनाया गया। इस बीच आसपास के शासकीय एवं निजी विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही आयोजन समिति द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त पंथी नित्य प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। अन्य सभी पंथी नृत्य प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। एक दिवसी गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े थे, वहीं अध्यक्षता छेदीलाल जाटवर ने किया। विशिष्ट तिथि के रूप में अशोक पाटले एवं जनपद सदस्य संतोषी पाटले सहित गुरु गदृदीधाम पताड़ी के अध्यक्ष लखन लहरें रहे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे। श्री पटेल सहित अन्य सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राएं एवं संत समाज को संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

### अधिवक्ता संघ पाली का आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**कोरबा।** पाली में अधिवक्ता संघ पाली का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य शैलेंद्र दुबे ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कानून और आम जनता के बीच की कड़ी अधिवक्ता है। निर्दोष को न्याय दिलाने में इनकी सबसे बड़ी भूमिका भी होती है, इसलिए वे अधिवक्ता संघ की हर संभव मदद हमेशा करेंगे। इस मौके पर विधायक श्री मरकाम ने अधिवक्ता संघ के भवन के लिए 5 लाख और पुस्तकालय और शौचालय के लिए 5 लाख 50 हजार रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेम चंद पटेल भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य शैलेंद्र दुबे, विशिष्ट अतिथि के रूप सभापति जिला पंचायत गणराज सिंह कंवर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता दुष्यंत शर्मा, गोगपा प्रदेश संगठन सचिव कुलदीप मरकाम, कमल वैष्णव, दीपक शर्मा, शंकर दीवान, सुरेंद्र ठाकुर, कटघोरा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुनील वर्मा, मन्नू राठौर, अनिल मरावी, कमल दास आदि शामिल हुए।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी वार्षिकउत्सव संगम संपन्न

# सांस्कृतिक विरासत को संगम के माध्यम से प्रस्तुत किया छात्रों ने



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी कावार्षिकोत्सव शनिवार को मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मधु एस, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी, कोरबा एवं प्रो-वाइस चेयरमैन, डीपीएस, एनटीपीसी थे। समारोह में विशिष्ट अतिथि एस.पी. सिंह, महाप्रबंधक (इंधन प्रबंधन), सोमनाथ भट्टाचार्जी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), मनीष वसंत साठे, महाप्रबंधक (राखड़ प्रबंधन), ए. आर. मंडल, महाप्रबंधक (सी एंड आई), प्रभात राम अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) थे। इस अवसर पर डीएफओ श्री कुमार निशांत, डी.एफ.ओ. कटघोरा, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। प्राचार्य सतीश शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत सकिया। भारत की विविधता पूर्ण सांस्कृतिक विरासत को संगम के माध्यम से 600 विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। प्रैप कक्षाओं के लगभग 100 नन्हें बाल कलाकारों के गोवाकार्निवाल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहली एवं दूसरी कक्षाओं के बाल कलाकारों ने रास के माध्यम से श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र प्रस्तुति दी। कक्षा तीसरी से पाँचवीं के विद्यार्थियों ने पंजाबी एवं गुजराती नृत्यों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी एवं संबलपुरी नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी । एक भारतः श्रेष्ठ भारत के माध्यम से कक्षा छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों ने समां बाँध दिया। कक्षा नवमीं से ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने विलियम शेक्सपीयर की प्रसिद्ध त्रासदी जूलियस सीजर का शानदार मंचन किया । गांधी जी के जीवन चरित्र को बहुतही आकर्षक ढंग से नृत्यनाटिका गांधी जी एकयात्रा के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कक्षा 8 वीं एवं नवमीं के छात्र-छात्राओं ने नयाभारत के माध्यम से तेजी से विकास करते नए भारत की उपलब्धियों की नृत्यमय प्रस्तुति ने दर्शकों को थिरकने पर विवश कर दिया। विद्यालय की प्रधानपाठिका श्रीमती सिंधु खंडेलवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



## छात्र छात्राओं ने वार्षिकोत्सव में दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीडीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधिक्षक जितेन्द्र शुक्ला एवं विशिष्ट अथिति विद्यालय के संस्थापक केएन सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के सीईओ अमर नारायण सिंह ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ कक्षा छठवीं और सातवीं के बच्चों द्वारा स्वागत गीत गाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एपी सिंह ने स्वागत भाषण एवं विद्यालय वार्षिक विवेचना प्रस्तुत किया एवं विद्यालय के दृष्टि कोण एवं लक्ष्य को परिभाषित करते हुए बताया कि हमारा ध्येय छात्र-छात्राओं को सिर्फ अच्छे अंक दिलाना ही नहीं अपितु उनके सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है। विद्यालय के सीईओ अमर नारायण सिंह ने कहा कि विद्यालय 25 साल के सफर के बाद इस स्थिति में आ गया है कि छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की अपेक्षा को मूर्तरूप दिया जा सके। विद्यालय के संस्थापक केएन सिंह ने सभी अतिथि एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### रामनामी संप्रदाय के रोम-रोम में बसते हैं राम : पूंजराम

**कोरबा।** रामनामी समाज के सह सचिव पूंजराम रामनामी ने बताया की रामनामी समाज के लोगों के अनुसार शरीर में राम-राम शब्द अंकित कराने का कारण इस शाश्वत सत्य को मानना है कि जन्म से लेकर मृत्यु के बाद भी पूरे देह को ईश्वर को समर्पित कर देना है। जब हमारी मृत्यु हो जाती है तो राम नाम सत्य है पंक्ति के साथ अंतिम संस्कार की ओर आगे बढ़ते हैं और राम नाम सत्य के उद्घोष के साथ ही पूरा शरीर राख में परिवर्तित हो जाता है।

# महाराजा दक्ष प्रजापति की मनाई गई जयंती



कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व राजस्व मंत्री एवं समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

समाज के लोगों की एकजुटता बनाए रखने के लिए समय-समय पर सामाजिक आयोजन करना एक बेहतर माध्यम होता हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में भ्रातृत्व भाव की भावना जागृत होती है और एक दूसरे को जानने समझने का अवसर मिलता है। उक्त कथन पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। कुम्हार प्रजापति समाज द्वारा मानिकपुर जेआरसी क्लब में आयोजित महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती समारोह में पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर राजकिशोर प्रसाद बतौर अतिथि शामिल हुए। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने भी संबोधित किया। प्रजापति कुम्हार समाज के संरक्षक बिसाहू दास कुम्भकार ने बताया कि प्रति वर्ष 14 जनवरी को महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनायी जाती है। पिछले वर्ष जयंती समारोह में तत्कालीन राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने समाज भवन के लिए 15 लाख स्वीकृत किया था। उक्त भवन दादरखुर्द में बनकर तैयार है जिसका लोकार्पण 15 जनवरी को जयसिंह अग्रवाल मुख्य उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष गजाधर प्रजापति, उपाध्यक्ष जीवनलाल सचिव उत्तम प्रजापति, बंशी प्रजापति बाबूलाल, मनोज प्रजापति रविशंकर कुम्भकार, गोकूलराम, खीकराम, धनसाय, रतनपुर से समाज अध्यक्ष किशन प्रजापति, सुकुलराम प्रजापति, अध्यक्ष मिटठू लाल, महामंत्री हेमलाल प्रजापति, जनीराम, राधेश्याम, राजेन्द्र प्रसाद, रवि, छोटेलाल, लक्ष्मी प्रसाद, मनीराम सहित भारी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दाताराम प्रजापति ने किया एवं आभार प्रदर्शन व्यक्त सचिव उत्तम प्रजापति ने किया।

### साईं के भंडारा में उमड़े लोग

श्री साईं बाबा सेवा समिति गांधी चौक कोरबा के स्थापना दिवस पर आयोजित साईं पालकी यात्रा के दूसरे दिन रविवार को भंडारा में बाबा के प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारा से पहले साईं बाबा, पंचमुखी हनुमान की पूजा-आरती कर 56 भोग चढ़ाया गया। पूर्व राजस्व मंत्री ने कहा कि समिति के द्वारा लगातार पालकी यात्रा और विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में आम और खास लोग शामिल होते हैं।



# जेसीआई कोरबा सेंट्रल ने आदिवासी कन्या छात्राओं के साथ मनाई मकर संक्रान्ति




कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के सदस्य एवं छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जेसीआई कोरबा सेंट्रल के द्वारा विगत 30वर्षों से समाज सेवा के कार्यों में अपनी भूमिका निभाते आ रहा है। इसी कड़ी में रविवार को आदिवासी कन्या छात्रावास में पढ़ने वाली 170 छात्राओं को फ़ूड पैकेट सहित फल एवं दुपट्टा का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेसी आनंद रायकवार एवं विशिष्ट अतिथि जेसी नवीन अरोड़ा रहे। कार्यक्रम में जेसीआई कोरबा सेंट्रल अध्यक्ष जेसी उत्कर्ष अग्रवाल, जेसीआई लीजेंड अध्यक्ष जेसी राजन बर्नवाल, जेसिरेट चेयरपर्सन जेसिरेट शीतल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जेसी इंजीनियर राज अग्रवाल, एसके सिल्ला, घनश्याम अग्रवाल, सुरेश चौहान, अंकित केडिया, सन्नी मित्तल, पूर्व जेसिरेट अध्यक्षा सोनल शाह, सोनल शर्मा, मुक्ता अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, जगदीश सोनी एवं जेसीआई कोरबा सेंट्रल सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी विवेक अग्रवाल, को-प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी दिव्यांशु अग्रवाल, वाईस प्रेसिडेंट समाज सेवा जेसी निश्चल टमकोरिया, डायरेक्टर समाज सेवा जेसी अभय अग्रवाल एवं पूरी एलजीबी टीम का योगदान रहा।

# मोदी के संदेश को जन-जन तक पहुंचना है : ज्योति



हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा दीपका

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को बड़ी-बड़ी जिम्मेदारियां दी गई है। जिसे लेकर भाजपा नेताओं ने हर एक ब्लॉक शहर और कस्बो में सभा करते हुए ग्रामीणों के समक्ष विकसित भारत बनाने को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करते नजर आ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिम्मेदारी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ओर इसी उद्देश्य को लेकर कटघोरा विधानसभा के ग्राम झाबर में सभा आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल एवं भाजपा नेता ज्योति नंद दुबे ने दीप प्रज्वलित सभा का शुभारंभ किया।

# जेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ प्रारंभ प्रतियोगिता में भाग लेंगी 20 टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित खिलाड़ी एवं आयोजक।

पंप हाउस में झोपड़ीपारा प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व एल्डरमैन एस मूर्ति, पूर्व एल्डरमैन रामगोपाल यादव रहे। इस प्रतियोगिता में कुल 20 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच में टाइगर ऑफ माही तुलसी नगर की टीम और काशी नगर 11 की टीम ने भाग लिया। मुख्य अतिथि महापौर श्री प्रसाद में दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, उसके बाद दोनों टीमों के कप्तान के सामने टॉस किया। तुलसी नगर की टीम ने टॉस जीता और फील्डिंग करने का निर्णय लिया। मुख्य अतिथि श्री प्रसाद ने कहा कि हर साल पंप हाउस में झोपड़ीपारा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है और क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाता है ताकि क्रिकेट के खिलाड़ी युवा साथी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और निरंतर प्रयास करते हुए क्रिकेट के फील्ड में एक अच्छा आयाम स्थापित कर अपने परिवार का और अपने जिले का नाम रोशन करते हैं। महापौर प्रसाद ने दोनों टीम के खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आयोजक टीम के पदाधिकारी चंद्रहास यादव, छबील कुमार पांडे, चंद्र कुमार पांडे, रोशन ठाकुर, सूरज पांडे, रितेश कुर्रे, शुभम केशरवानी, हर्ष तिवारी, अभय कर्स, सुरेश पटेल, निखिल यादव, कारण यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए।

### रामनामी समाज के लोग किए गए सम्मानित

**कोरबा।** प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर का सनातन धर्म के लोगों को इंतजार बना हुआ है। इस बीच उनसे जुड़ी यादें और उनसे प्रीति रखने वाले लोगों के प्रति हर किसी के मन में आदर भाव छलक रहा है। कोरबा में इसी श्रृंखला में एक कार्यक्रम गीतांजलि भवन में आयोजित किया गया जहां पर रामनामी समाज का सम्मान किया गया। विद्या भारती के छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर इस समारोह में मुख्य वक्ता रहे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में रामनमी समाज की उपस्थिति बनी हुई है जो कोरबा में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए। रामनमी समाज सम्मान समारोह समिति ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर करुण सिंह द्वारा प्रभु श्रीराम व अयोध्या के निमित्त गीत का गायन किया। कार्यक्रम के संयोजक संतोष कुमार खरे ने कार्यक्रम का संचालन किया व विषय के बारे में जानकारी दी और आज के परिपेक्ष में इसके महत्व को दर्शाया। इस अवसर पर रामनमी समाज के बंधुओं द्वारा भजन के माध्यम से अपनी भूमिका की प्रस्तुति भी दी।




## पृष्ठ 1 का शेष

### सारबहरा नाला में...

बाद बीते वर्ष फरवरी माह में निविदा जारी होने के बाद अप्रैल महीने में काम शुरु किया गया था। बीते सात माह में एनीकट का दीवाल निर्माण के साथ कुछ हिस्सों में पाइप लाइन बिछा दी गई है। काम के निरीक्षण को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की टीम ने ग्रामीणों द्वारा बताये गए क्षेत्रों का भी अवलोकन किया था एवं सिंचाई के रकबे वाले क्षेत्र में आ रही तकनीकी दिक्कतों का निराकरण भी किया गया था। सिंचाई विभाग के द्वारा तैयार किए गए प्रांक्कलन में एनीकट के दोनों ओर होल पाइप बिछाकर पानी पहुंचाने वाले खेतों तक अवलोकन भी किया था ताकि किसी के खेतों तक पाइप लाइन न बिछाई जा सके। पूरी तकनीकी निरीक्षण के बाद ही काम शुरु किया गया है। विभाग की मानें तो आने वाले मई महीने तक एनीकट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### विशेष शिविर...

सौ आवेदन प्राप्त हुए है साथ ही नाम संशोधन हेतु 14 सौ आवेदन प्राप्त हुए है। गौरतलब है कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया गया है। साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन के लिए निर्धारित प्रपत्र में दावा-आपत्ति 22 जनवरी तक मतदान केन्द्र में नियुक्त अभिहित अधिकारी एवं बीएलओ द्वारा स्वीकार किए जाएंगे एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा।

### 255 करोड़ के...

के लिए भी अभियान छेड़ दिया गया है लेकिन इस बार जो बकाया राशि जमा नहीं करेंगे ऐसे उपभोक्ताओं की लाइन तुरंत काटी जाएगी और यदि वे उपभोक्ता लाइन जोड़कर चोरी चुपके से बिजली चलाते पाए गए तो उनके खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर की कार्रवाई भी की जाएगी ताकि अधिक से अधिक बकाया राशि वसूल कर इस वित्तीय वर्ष में टारगेट को पूरा किया जा सके।

## कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप

### आर्यन पब्लिक स्कूल में मनाया गया युवा दिवस

**हरदीबाजार।** ग्रामीण अंचल में आधुनिक संस्कार युक्त शिक्षा प्रदत्त करने को कृत संकल्पित आर्यन पब्लिक स्कूल हरदीबाजार में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में युवा दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम संस्था के संस्थापक सदस्य कृष्ण मुनि दुबे ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात संस्था की प्राचार्य श्रीमती मंजू अजय दुबे ने स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं भारतीय संस्कृति में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही भगनी निवेदिता के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षक श्रीमती गोदावरी देवांगन, श्रीमती यशोदा पाटले, स्वेता जांगड़े, सरस्वती पटेल, स्वागत नायक, श्रीमती सोनाली, श्रीमती क्षरोखा सहित अन्य शामिल रहे।

### कलेक्टर जनचौपाल का कल नहीं होगा आयोजन

**कोरबा।** जिले में 15 जनवरी को कलेक्टर जनचौपाल का आयोजन नहीं किया जाएगा। जिले में 15 जनवरी को कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की वजह से जनदर्शन जनचौपाल कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। आगामी जनचौपाल कार्यक्रम की सूचना अलग से दी जाएगी।

### पहाड़ी कोरवा बालक ने जिला को दिलाया सम्मान



**कोरबा।** रायपुर में आयोजित सीजी दिव्यांग प्रतिभा के आयोजन में संवेदना संस्था ने लबेद पंचायत के डुमर ढीह गांव से पहाड़ी कोरवा बालक रामेश्वर दृष्टिहीन बालक है, जो की गायन मे रूचि है उसको संवेदना संस्था ने लेकर रायपुर लेकर गए और वहां मंच मे अपने गायन मे छत्तीसगढ़ी गीत एवं भक्ति गीत से लोगों को भाव विभोर कर दिया और उस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के हाथों से प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। बसना के विधायक सम्पत अग्रवाल एवं विजय अग्रवाल एवं कार्यक्रम संचालक श्रीमती कविता सोनी एवं जूरी मेंबर श्रीमती येदु सोनी भी मंच पर उपस्थित थे। सभी लोगों ने रामेश्वर की तारीफ की इस कार्यक्रम मे संवेदना संस्था के अध्यक्ष श्रीजीत नायर एवं देवा बंजारे, दीपक कश्यप, शुक्ला महाराज साथ गए और सहयोग किया।

### संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मड़वारानी।** कुरुडीह-संवरा भांठा में ग्राम मुकुंदपुर के सरपंच श्रीमती करम देवी कंवर के मुख्य आतिथ्य एवं सीएसी संजय चौहान एवं देवांगन के कुशल मार्गदर्शन में दो दिवसीय सोहागपुर संकुल का संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जमनीपाली विद्यालय के कर्मा झांकी के मनमोहक प्रस्तुति से किया गया। खेल में सभी खिलाड़ियों ने जोश और उत्साह के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, जिसके प्राथमिक स्तर पर दौंड़ में विकास, दिव्यांश, अनिरुद्ध, कबड्डी-खो खो में पचपेड़ी ने और माध्यमिक स्तर के दौंड़ में दीपक, नितेश संजीत, कब्बड्डी में मुकुंदपुर और खो-खो में सोहागपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर के प्राचार्य हेम कुमार कुर्रे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जोनसिंह कंवर, विजय जयसवाल, बुटकू सिदार, महेन्द्र कंवर, सहदेवा कंवर, भारत चौहान, लंकेश्वर मिरी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजयुमो कुदमुरा मंडल की बैठक संपन्न



**रजगामार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश व ज़िला नेतृत्व के कुदमुरा मंडल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनावों को लक्ष्य रखकर बूथ स्तर पर युवाओं की टीम गठित करने एवम प्रत्येक शक्तिकेंद्र में युवा प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। 24 जनवरी को नव मतदाता सम्मेलन आयोजित कराए जाने की योजना बनाई गई। सभी कार्यकर्ताओं ने कोरबा लोकसभा की सीट भाजपा को जिताने हेतु संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से मंडल के प्रभारी दिनेश तिवारी, ज़िला कार्यसमिति सदस्य नीरज मिश्रा, राम प्रकाश बरेठ, युवा मोर्चा के अध्यक्ष धनंजय चौहान, महामंत्री दिनेश प्रजापति, सोशल मीडिया प्रभारी मंजीत सिंह यादव, हिन्द कुमार, शानू वर्मा, संजय कश्यप, विवेक मिश्रा, सुखलाल राठिया, शिव, योगेश कंवर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित

### रंजना में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

# 'बिहान' से महिलाओं को सशक्त बनाने मोदी सरकार संकल्पित



कार्यक्रम में उपस्थित केन्द्रीय मंत्री एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह कोरबा प्रवास के दौरान कटघोरा विकासखंड के ग्राम रंजना में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शामिल हुए। उनके साथ कलेक्टर अजीत वसंत, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, विधायक प्रेमचंद पटेल, जनपद पंचायत कटघोरा के सीईओ यशवंत सिंह तथा ग्राम पंचायत रंजना की सरपंच ममता मरकाम व भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाओं की आर्थिक समृद्धि के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत दीदियों को लखपति बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार किए जाएंगे। उन्होंने अमृत सरोवरों के व्यवस्थित विकास पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक उन्नति में महिलाओं की भागीदारी 56 प्रतिशत है, जबकि छत्तीसगढ़ में 50 प्रतिशत है, इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए महिलाओं को कृषि में भागीदारी बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत छोटे-छोटे उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, बैंकों के माध्यम से महिलाओं के नये उद्यम स्थापित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहान की दीदियों को लखपति बनाने का संकल्प लिया है। बिहान योजना के तहत 56 लाख दीदियों को लखपति बनाना हमारा संकल्प है। इसके अनुरूप पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कार्य करें। केन्द्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने इस दौरान योजना से लाभार्थियों को चेक, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर तथा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस दौरान शिविर में जिला सह प्रभारी कोरबा गोपाल साहू, ज्योति नंद दुबे, पूर्व महापौर कोरबा जोगेश लांबा, गोपाल मोदी, श्याम सुंदर अग्रवाल, हितानंद अग्रवाल अतिरिक्त सचिव भारत सरकार, जिला पंचायत अध्यक्ष शिव कला कंवर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय रीना जायसवाल, जिला मंत्री बीजेपी संजय शर्मा, कटघोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष धनु प्रसाद दुबे, डॉ गोपाल गोस्वामी संयोजक, दुष्यंत शर्मा, सूर्य प्रकाश शर्मा, अजय दुबे, रघुराज सिंह उइके, लता कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत कटघोरा, राम प्रसाद कोराम, गोविंद सिंह कंवर, राजेंद्र टंडन, अभिषेक गर्ग, अजय धनोदिया, अनूप यादव तथा बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

#### सामाजिक वानिकी को बढ़ावा देने के साथ ग्राम पंचायतों को बनाएं सशक्त

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने एनटीपीसी कावेरी भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास से संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में मनरेगा, एनआरएलएम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण,वाटरशेड, अमृत सरोवर सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह ने जिले में चार, चिरौंजी, केला, पपीता उत्पादन को प्रोत्साहित करते हुए पशुपालन को बढ़ावा देने और सामाजिक वानिकी को स्थापित करते हुए पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने आजीविका मिशन अंतर्गत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें पशुपालन, फलदार पौधा रोपण सहित अन्य लाभदायक गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए।

#### चार पौधा रोपित करने केंद्रीय मंत्री ने चार रथ को किया रवाना



वनांचल क्षेत्र में बसने वाले आदिवासी परिवारों की आर्थिक दशा और दिशा बदल सके इसके लिए जंगल में चार पौधों को रोपित करने की दिशा पर वन विभाग ने पहल की है। इसके लिए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने चार पौधों को रोपित करने व जंगल में बसने वाले आदिवासी परिवारों को इसके बारे में बताने के लिए रंजना कटघोरा से चार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि यह चार रथ कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी वनांचल गांव में लगातार भ्रमण करेगी और चार रथ के माध्यम से ग्रामीणों को यह बताएगी कि चार पौधे लगाने से क्या-क्या लाभ होते हैं और उससे आदिवासी परिवारों की आर्थिक दशा और दिशा कैसे बदल सकती है। इसके लिए वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में वन विभाग द्वारा चार पौधों को और अधिक से अधिक रोपित करने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा है।

#### भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



केंद्रीय कृषि एवं पंचायत मंत्री गिरिराज सिंह रविवार को करतला विकासखंड के ग्राम ढोंगदरहा पहुंचे जहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन महामंत्री टिकेश्वर राठिया एवं रामकुमार गबेल जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया। श्री राठिया और श्री गवेल के नेतृत्व में किए गए जोशेले स्वागत के दौरान पूरा कार्यक्रम नारों से गूंज रहा था। सुदूर वनांचल क्षेत्र ढोंगदरहा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण भी मौजूद थे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने श्री राठिया व श्री गवेल से क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और उन्हें केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन को क्षेत्र में बेहतर ढंग से कराए जाने को कहा। श्री राठिया और गवेल ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को रामपुर विधानसभा की क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया।

#### बालको के राम मंदिर में की पूजा



केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह रविवार को बालको स्थित श्रीराम मंदिर दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने मन्दिर में मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्रीराम की विधि विधान से पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश वासियों के लिए सुख-शांति,समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने परिसर स्थित शिव मंदिर में भी शिवलिंग में जलाभिषेक एवं पुष्प अर्पित कर पूजन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर मन्दिर तीर्थ स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बालको के श्रीराम मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में शामिल होकर परिसर की साफ सफाई के कार्य मे भी सहभागिता दी। इस अवसर पर बालको सेवा समाज ने श्री सिंह को रामायण भेंट किया।

## भाजपा सरकार कर्मचारी वर्ग के साथ : देवांगन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा शासन काल में अधिकारी व कर्मचारी वर्ग को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा जितनी भी मांगे लंबित पड़ी है उन सभी पर भाजपा की साय सरकार जल्द ही सार्थक पहल करेगी। उक्त बातें अंधरीकछार स्कूल में छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के द्वारा आयोजित नव वर्ष मिलन और अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कही।

**खास बात**
- अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के नववर्ष और अभिनंदन समारोह में शामिल हुए

श्री देवांगन ने कहा की पिछली सरकार में फेडरेशन के माध्यम से जितनी भी मांगे भेजी जाती थी, उसमे से एक भी पूरी नहीं होती थी, लेकिन भाजपा सरकार में ऐसा नहीं होगा, हम संवाद सेतु स्थापित कर अधिकारियो और कर्मचारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, युवा मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र देवांगन, पूर्व एल्डरमेन राधे यादव, लक्ष्मण श्रीवास, दीपक जायसवाल समेत अन्य उपस्थित रहे। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कांग्रेस सरकार में शासकीय शिक्षकों के पदोन्नति में बहुत बड़ा भ्रष्टचार हुआ था, इस वजह से शिक्षकों को आर्थिक और मानसिक रूप से बहुत परेशान होना पड़ा था। बहुत जल्द भाजपा सरकार अपने वादे को पूरा करते हुए जितने भी पदोन्नति के मामले अटके हुए थे, उन पर पहल करेगी।

#### छग अखबार वितरक संघ का प्रतिनिधि मंडल मिला मंत्री से

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के सदस्यों द्वारा आज छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री से मिलकर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक कल्याण बोर्ड गठित करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू ,जय नेताम, लक्ष्मी राठौर, राय सिंह कंवर व दिलीप यादव शामिल थे।



## महिला आरक्षक को फोन लगाकर अश्लील गाली गलौज, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक सिरफिरे युवक ने थाने में पदस्थ महिला आरक्षक के मोबाइल पर फोन लगाकर अपने आपको कभी अधिवक्ता तो कभी डीएसपी बताते हुए उसे फोन लगाकर उसके साथ अश्लील बात करते हुए गाली गलौच की घटना को अंजाम दिया है। महिला आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने फोन लगाकर धमकी देने वाले युवक के खिलाफ धारा 506, 507, 509 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**
- बांगो थाने में पदस्थ महिला आरक्षक ने दर्ज करायी है रिपोर्ट

जानकारी के अनुसार बांगो थाने में पदस्थ एक महिला आरक्षक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसे सूरजपुर जिले में निवासरत अरुण कुमार नामक युवक द्वारा फोन लगाकर वह अपने आपको कभी अधिवक्ता तो कभी डीएसपी और ऊंची पहुंच का धौंस दिखाते हुए महिला आरक्षक के साथ गाली गलौच कर उसके साथ अश्लील बात की घटना को अंजाम दिया है। जब महिला आरक्षक ने उसे ऐसा करने से मना किया तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी है। महिला आरक्षक की लिखित शिकायत पर बांगो पुलिस ने अरुण मिंज के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रेलडबरी उतरदा की है। यहां निवासरत कौशिक कुमार 32 वर्ष पिता विश्राम पटेल ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। जब परिजनों ने देखा तो उसे फंदे से नीचे उतारकर आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस के मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की मुहीम, 13 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला।

जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार मुहीम चलाई जा रही है। इस कड़ी में पुलिस ने 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। एक दिन पहले ही पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ कार्यवाही की थी।

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला से मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी थाना-चौकी में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर एवं अवैध शराब बनाने एवं बेचने वालों पर लगातार कार्यवाही जारी है। गांव में थाना प्रभारियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अवैध शराब की सूचनाएं देने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। जिससे कई थाना क्षेत्र से अवैध महुआ शराब बनाने की सूचनाएं पुलिस टीम को प्राप्त हो रही है जिन पर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 जनवरी को थाना पाली के ग्राम मखनपुर उरांवपारा, थाना पाली के कंदराइलखार अलगीडाड पानी टंकी के पास, थाना कटघोरा के टाटा शोरूम के सामने छुरी बंचर मोड़, थाना कटघोरा के बिजपुर, थाना कटघोरा के बरतराई आंगनबाड़ी के पास में संबंधित थाना-चौकी की टीम के द्वारा रेड किया गया। कई स्थानों पर अवैध महुआ शराब बनाने के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई कर महुआ पास और भट्टी को नष्ट किया गया है। साथ ही अवैध शराब बनाने, बेचने और पीने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई किया गया। पुलिस ने 13 आरोपियों से कुल 20 लीटर महुआ शराब जप्त की है। आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

#### महिला से 50 लीटर महुआ शराब जप्त

एक महिला द्वारा अपने घर में लगातार महुआ शराब बनाकर कारोबार को अंजाम दिया जा रहा था। जब आबकारी की टीम ने उसके घर में छापा मारा तो उसके कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। महिला के खिलाफ 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम छुरी की है। यहां निवासरत अनुराधा केवट नामक महिला द्वारा अपने घर में लंबे समय से शराब बनाकर उसे बेचने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा था। आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिलने पर आबकारी की टीम ने शनिवार को अनुराधा के ठिकाने पर दबिश दी थी जहां उसके ठिकाने से आबकारी विभाग की टीम ने 50 लीटर महुआ शराब का जखीरा बरामद किया है।

### कोयला लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**कोरबा।** एक कोयला लोड एक ट्रक भैसमा चौक के पास बेकाबू होकर पलट गई। दुर्घटना के बाद मौके पर कोयला बिखर गया जिसे ले जाने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। हादसे में चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर उरगा पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को सामान्य किया। जशपुर मार्ग पर कोरबा से 15 किमी दूर भैसमा चौक के पास कोयला लोड एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। रविवार की तडक़े यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रक रायगढ़ की तरफ जा रहा था। जैसे ही ट्रक भैसमा चौक के पास पहुंचा वैसे ही पलट गया। ट्रक के पलटते ही मौके पर कोयला सडक़ पर बिखर गया जिसे ले जाने के लिए लोगों में होड़ मच गई। दुर्घटना में चालक को हलकी चोट लगी है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।







